तू ही तो संवारेगा | By Aarna Agrawal

मेरी बिगड़ी भी सांवरे तू ही तो संवारेगा
जिसने तेरा हाथ है पकड़ा, वो कभी ना हारेगा
मेरी बिगड़ी भी सांवरे तू ही तो संवारेगा

किस्मत के मेरे लेखे अब तक ना तूने देखे
मैं दर्द सेह रही हूँ सांवरिया कैसे कैसे
मुझको विश्वास है तुझ पर मुझे तू ही तारेगा
मेरी बिगड़ी भी सांवरे तू ही तो संवारेगा

मुझको तो श्याम मेरे अब है तेरा सहारा
कुछ भी नहीं जहाँ में मुझे श्याम तुझसे प्यारा
मेरा हाथ पकड़ कर तू ही भव पार उतारेगा
मेरी बिगड़ी भी सांवरे तू ही तो संवारेगा

जो तुम हो साथ मेरे कभी हार मैं ना मानु
हारे के हो सहारे मैं तो बस इतना जानू
पल पल ही मन ये मेरा तेरा नाम पुकारेगा
मेरी बिगड़ी भी सांवरे तू ही तो संवारेगा

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%b9%e0%a5%80-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a4%82%e0%a4%b5%e0%a4%be%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%97%e0%a4%be-by-aarna-agrawal/